<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 74 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर**
   छत्तीसगढ़
2. **प्रबंध संचालक,**
   राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न कमांक 1437 तारांकित द्वारा श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1437 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 75 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में वितरण की जा रही सामग्रियों पर मार्जिन राशि का भुगतान**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1437** ) **श्रीकुंवर सिंह निषाद**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) प्रदेश के शासकीय उचित मूल्य के दुकानदारों को वर्तमान में प्रति क्विंटल चावल.शक्कर, नमक एवं चना आदि के वितरण पर CGFSA छतीसगढ़ राज्य मद से कितनी मार्जिन राशि प्रदाय की जाती है ? क्या यह सही है कि वर्ष 2005 से उक्त दुकानदारों को मिलने वाली मार्जिन राशि में बढ़ोतरी नहीं की गयी है ? यदि हाँ तो कब तक की जावेगी ? जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांक 'क" अनुसार शासकीय उचित मूल्य के दुकानदारों को छतीसगढ़ सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में वित्तीय पोषण राशि कितने स्तर पर दिया जाता है तथा उक्त भुगतान वर्ष 2021-2022 से 31/01/2026 तक की अवधि में कब-कब किया गया है ? विवरण देवें? (ग) केंद्र सरकार द्वारा ऑनलाइन वितरण पर प्रति क्विंटल कितनी राशि अतिरिक्त मार्जिन राशि के रूप में प्रदाय की जाती है ? उक्त राशि दुकानदारों को प्रश्नांश (ख) अवधि में कब-कब प्रदाय की गयी ? जानकारी देवें ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:51 |

## Remark :

Directorate/ NAN/
All Collectors